समाचार

स्वच्छता ही सेवा अभियान

जनप्रतिनिधियों, नागरिकों व अधिकारियों ने सफाई कार्यो में दी सहभागिता

(नया बस स्टैण्ड, सुलभ काम्पलेक्स, पिंक टायलेट, टैक्सी स्टैण्ड में की साफ–सफाई)

कोरबा 20 सितम्बर 2024 – स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत निगम के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों व निगम के अधिकारियों ने स्वच्छता कार्यो में अपनी सक्रिय सहभागिता देते हुए टी.पी.नगर नया बस स्टैण्ड, सुलभ काम्पलेक्स, पिंक टायलेट, टैक्सी स्टैण्ड सहित सड़क व मुख्य मार्ग में एक अभियान के रूप में साफ–सफाई का कार्य किया। इस मौके पर वार्ड क्र. 02 की पार्षद श्रीमती आरती अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, स्वच्छता निरीक्षक शचीन्द्र थवाईत, पुरूषोत्तम शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों व नागरिकों ने सफाई कार्यो में सहभागिता दी।

यहॉ उल्लेखनीय है कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप कोरबा जिले में कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के दौरान किए गए जा रहे विविध स्वच्छता संबंधी कार्यो, गतिविधियों व कार्यक्रमों की कड़ी में आज नया बस स्टैण्ड टी.पी.नगर में विशेष साफ–सफाई का कार्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व नागरिकों

के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, नया बस स्टैण्ड भवन के अंदर एवं बाहर के समूचे परिसर की विशेष साफ–सफाई की गई, वहीं टी.पी.नगर बस स्टैण्ड के समीप स्थित पिंक टायलेट, सुलभ काम्पलेक्स में भी विशेष साफ–सफाई का कार्य सभी के सहयोग से किया गया, टी.पी.नगर स्थित टैक्सी स्टैण्ड एवं स्टेडियम रोड में भी सफाई अभियान चलाते हुए साफ–सफाई की गई।

आत्मानंद स्कूल में स्वच्छता आधारित वाल पेंटिंग – निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि आत्मानंद एन.सी.डी.सी. स्कूल की प्राचार्य डॉ.फिलिप्स की देखरेख में इंटर स्कूल वाल पेंटिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया, छात्र–छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए सुंदर वाल पेंटिंग बनाई। सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग न करने, पर्यावरण को संरक्षित रखने, पौधा रोपण के महत्व एवं साफ–सफाई की अनिवार्य आवश्यकता का संदेश देती हुई वाल पेंटिंग बनाई तथा इसके माध्यम से स्वच्छता का संदेश आमजन तक पहुंचाया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान में दें सक्रिय सहभागिता – कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि शासन के महत्वाकांक्षी अभियान स्वच्छता ही सेवा अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता दें, अपने घर, प्रतिष्ठान व आसपास के स्थलों की स्वच्छता व साफ–सफाई के प्रति सजग रहें। उन्होने सार्वजनिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं शासन के विभिन्न विभागों को निर्देशित करते हुए कहा है कि स्वच्छता ही सेवा अभियान में सब अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराएं, अपने प्रतिष्ठानों, कार्यालयों एवं आसपास के क्षेत्रों की स्वच्छता व साफ–सफाई के प्रति सजग रहें। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा है कि सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को स्वच्छता आधारित इवेंट्स व कार्यक्रम आयोजित कर साफ–सफाई के प्रति आमजन में जागरूकता लाने की दिशा में ठोस कार्यवाही करें।